वित्तीय समावेशन का 'आर एस फिन' खाता

वित्तीय समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में आईडीबीआई बैंक ने बैंकिंग सुविधा से वंचित क्षेत्रों में आम जनता के लिये बेहद सुविधाजनक जमा खाता योजना शुरू की है जिसमें शून्य बैलेंस के साथ भी आधुनिक बैंकिंग की सुविधा पाई जा सकती है. यह खाता 'आर एस फिन' लेबल कोड के साथ खोला जाता है.

आपके घर पर आपका बैंक

यह सुविधा बैंकिंग सुविधा से वंचित गांव/बस्ती में और शहरी गरीब बस्ती के लोगों के लिए है. फिलहाल कुछ जगहों पर (और भविष्य में अनेक जगहों पर) कारोबार सहायक (बीसी) नियुक्त किये गये हैं जो एक पृष्ठ के फॉर्म में ऐसा बचत खाता खुलवाएंगे जिससे आप अपने ही गांव/बस्ती में उस बीसी के पास अपनी बचत का पैसा जमा कराने, पैसा निकालने, स्टेटमेंट आदि की सभी जरूरतें पूरी कर सकते हैं. यह कार्ड हमारे बैंक की शाखा में नहीं, बल्कि आपके गांव / बस्ती के लिये बनाए गए बीसी के पास प्रभावी होगा. इसमें आपको एक स्मार्टकार्ड मिलेगा जिसपर आपके खाते से जुड़ी सब बातें रहेंगी और आपके अंगूठों / उंगलियों के निशान भी स्टोर करके रहेंगे ताकि आपका खाता देखने व उसमें लेनदेन करने आदि की आजादी सिर्फ आप को ही रहे. आप बीसी के पास मौजूद मशीन में

इस कार्ड को डालिये, आप अपने अंगूठे/उंगली से प्रमाणित करें कि वह आपका ही कार्ड है और बीसी की मदद से लेनदेन करना शुरू कर दीजिये.